**प्रबंधन प्रशिक्षु तकनीकी (केमिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल, इन्स्ट्रूमेंटेशन, मैकेनिकल, मैटलर्जी, माइनिंग) पदों की भर्ती हेतु ऑन-लाईन परीक्षा**

# सूचना पुस्तिका

इस पुस्तिका में ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपकी परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां होंगी :

**परीक्षा का स्वरूप**

| अनु. क्र. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यक्षेत्र ज्ञान | 50 | 100 | द्विभाषी अर्थात् हिन्दी और अंग्रेजी (अंग्रेजी भाषा की प्रश्नावली को छोड़कर) | 40 मिनट |
| 2 | संख्यात्मक अभियोग्यता | 25 | 25 | | 20 मिनट |
| 3 | अंग्रेजी भाषा | 25 | 25 | | 20 मिनट |
| 4 | तर्कशक्ति | 25 | 25 | | 20 मिनट |
| 5 | सामान्य सचेतता | 25 | 25 | | 20 मिनट |
| | **कुल** | **150** | **200** | | **120 मिनट** |

परीक्षा के लिए समय 120 मिनट; तथापि लागिंग इन, बुलावापत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 180 मिनट उपस्थित रहना पड सकता है। अंग्रेजी भाषा की प्रश्नावली को छोड़कर सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रत्येक प्रश्नावली के लिए अलग-अलग समय आबंटित है। हर प्रश्नावली को दिए गए समयावधि में आप उस प्रश्नावली में से किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं। सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है। आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा। **अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी। ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 (एक चौथाई) एक चौथाई अंक काट लिए जायेंगे।**

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं। वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो।**

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं।

## नमूना प्रश्न

## कार्यक्षेत्र ज्ञान

संबंधित विषय के प्रश्न, विशेषज्ञता के क्षेत्र से संबंधित होंगे।

## संख्यात्मक अभियोग्यता

यह परीक्षा संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, संख्यात्मक तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालने आदि में आपकी गति शुद्धता की जाँच के लिये है।

निर्देश : निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में एक संख्या नहीं दी गयी। उस संख्या के स्थान पर प्रश्नचिन्ह (?) लगा दिया गया है। आपको यह बताना है कि प्रश्न चिन्ह के स्थान पर उत्तर संख्या 1, 2, 3 और 4 में से कौन सी आएगी। यदि इन चारों में से कोई भी ठीक न हो तो आपका उत्तर होगा (5) अर्थात् ' दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य'।

**प्र.1.** $\frac{24}{65} \times \frac{13}{56} \times \frac{5}{7} = ?$

(1) $\frac{3}{49}$ (2) $\frac{15}{245}$ (3) $\frac{3}{77}$ (4) $\frac{15}{56}$ (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** (27 + 498) ÷ 25 = ?

(1) 17 (2) 25 (3) 21 (4) 12 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** यदि 10 रूपये में एक पेन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है तो पेन का मूल्य क्या है ?

(1) 3/- रु. (2) 5/- रु. (3) 10/- रु. (4) 20/- रु. (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

इसके अतिरिक्त ग्राफों और सारणियों पर भी कुछ प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

**प्र.4-6. निर्देश :** नीचे सारणी में 700 कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो उन 6 विशेषताओं के आधार पर वर्गीकृत है जिससे पदोन्नति में सहायता मिलती है। श्रेणी। सबसे अधिक है। सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें:

| % विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विशेषता | I | II | III | IV | V | VI |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य निपुणता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.4.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?

(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) सामाजिकता (5) कार्य निपुणता

**प्र.5.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?

(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) 70 (5) 10

**प्र.6.** पदोन्नति के लिए सबसे कम महत्त्वपूर्ण विशेषता किसे माना गया है ?

(1) ईमानदारी (2) बुद्धिमत्ता (3) अध्यवसाय (4) कार्य निपुणता (5) सामाजिकता

## अंग्रेजी भाषा

इस प्रश्नावली का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान की परीक्षा करना है। व्याकरण, शब्दावली, वाक्य पूर्ण करना, समानार्थी, विलोमार्थी, अनुच्छेद की बोधगम्यता आदि प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा की जाएगी। नीचे कुछ नमूने के प्रश्न प्रस्तुत हैं, उनका अध्ययन करें और उत्तर दें।

**Q.1-3. निर्देश :** निम्नलिखित वाक्यों को सार्थक ढंग से पूर्ण करने के लिए वाक्यों के नीचे दिये गये शब्दों में से उपयुक्त शब्द का चयन करें।

**Q.1.** He quickly glanced ......................... the book to find what it said about the Indian economy.

(1) at (2) through (3) in (4) to (5) with

**Q.2.** The counsel urged the court to ...................... down the obnoxious law.

(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike (5) walked

**Q.3.** The local official ...................... the Minister of the situation.

(1) explained (2) warned (3) apprised (4) told (5) created

**Q.4-6. निर्देश :** कृपया प्रत्येक वाक्य पढ़कर यह पता करें कि क्या उसमें कोई व्याकरण संबंधी गलती है ? यदि कोई गलती हो तो वह वाक्य के किसी एक भाग में होगी। उस भाग का क्रमांक ही आपका उत्तर है। यदि वाक्य में कोई गलती नहीं है तो उत्तर 'No error' है।

**Q.4.** I am twenty (1) / two years old (2) / when I first (3) / joined the bank. (4) No error (5)

**Q.5.** To the Hindus (1) / the Ganga is (2) / holier than (3) / any other river. (4) No error (5)

**Q.6.** Of all the teachers (1) / in our school (2) / our class teacher (3) / were very strict. (4) No error (5)

## तर्कशक्ति

**प्र.1.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X।

(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.2.** 'कुछ नेता बेईमान होते हैं। सत्यप्रिय नेता है।' इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?

(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं
(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

**प्र.3.** मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड अठारह वर्ष से अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति मतदान कर सकता है । बीस वर्ष पूर्व जन्मा हुआ मधु मतदान कर सकता है या नहीं यह पता लगाने के लिए निम्नलिखित में से और क्या जानकारी आवश्यक है ।

(I) मधु की जन्म तारीख (II) मधु मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड है या नहीं।

(1) केवल I (2) केवल II (3) या तो I और II (4) न तो I और नही II (5) I और II दोनों

**प्र.4-5** **निर्देश :** नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न चिह्न लगा है। उसके नीचे दिये गये पांच विकल्पों में से केवल कोई एक ही उस तरह के संबंध को प्रकट करता हैं जो कि प्रश्न में : : चिह्न के बायीं ओर वाले दो शब्दों में है। सही उत्तर ज्ञात कीजिये।

**प्र.4.** चरण : मनुष्य : : खुर : ?

(1) पैर (2) कुत्ता (3) घोड़ा (4) लड़का (5) चिड़िया

**प्र.5.** दिन : रात : : दयालु : ?

(1) अंधेरा (2) प्रकाशमान (3) क्रूर (4) उदार (5) गुस्सा

## सामान्य सचेतता

यह प्रश्नावली आपकी विगत एवं वर्तमान घटनाओं, सामाजिक वित्तीय विकास के साथ साथ बैंकिंग उद्योग में घटित घटनाओं के बारे में सचेतता के मापन के लिये है।

**प्र.1.** काले धन को सफेद (वैध) करने (Money laundering) के जोखिम का सामना करने के लिए निम्नलिखित में से किस वित्तीय संस्थान ने 'अपने ग्राहक को जानों' (Know Your Customer) योजना शुरु की है ?

(1) आई डी बी आई (2) आर बी आय (3) नाबार्ड (4) सीडबी (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** भारत में, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र ने, राज्यों की आय की वृद्धी तय करने में, अधिकतम योगदान दिया है ?

(1) ऊर्जा (2) पर्यटन (3) सेवा (4) परिवहन (5) कृषि

**प्र.3.** निम्न में से किस राष्ट्रीयकृत बैंक का मुख्यालय महाराष्ट्र राज्य में स्थित नहीं है ?

(1) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं (2) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (3) बैंक ऑफ इंडिया
(4) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (5) यूनाइटिड बैंक ऑफ इंडिया

**प्र.4.** प्रसिद्ध अयोध्या मंदिर किस नदी के तट पर स्थित है ?

(1) गंगा (2) गोदावरी (3) सरयू (4) बाण गंगा (5) नर्मदा

**प्र.5.** प्रसिद्ध गोमटेश्वर की मूर्ती निम्न में से किस राज्य में स्थित हैं ?

(1) महाराष्ट्र (2) मध्य प्रदेश (3) उत्तर प्रदेश (4) उड़ीसा (5) कर्नाटक

### (अ) ऑन-लाईन परीक्षा पैटर्न का विवरण :

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी।

(2) अंग्रेजी भाषा की प्रश्नावली को छोड़कर सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी।

(3) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है। क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए प्रश्नावली(याँ) पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा। घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है।

(5) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :



**आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**



**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**



**आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**



**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**



**प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (**Marked for Review**) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दोबारा देखने के लिए सेट किया है। *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा।*

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

(अ) उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए। नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है।

(ब) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'>** पर क्लिक कीजिए।

(क) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next>** पर क्लिक करना चाहिए।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next>** पर क्लिक कीजिए। यदि मार्कड फोर रिव्यू प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद** 'सेव' **या** 'रिव्यू' **के लिए** 'मार्क' **किए गए हैं, सिर्फ वही प्रश्न मूल्यांकन के लिए कन्सिडर किए जाएंगे।**

(14) स्क्रीन के टॉप बार पर प्रश्नावलियों के नाम डिस्प्ले किये जायेंगे। जो प्रश्नावली आप देखेंगे वह हाइलाइट होगी।

(15) किसी प्रश्नावली के अंतिम प्रश्न पर **Save & Next** बटन क्लिक करने के बाद आप अगली प्रश्नावली पर तभी पहुचेंगे जब उस प्रश्नावली के लिए आबंटित समय समाप्त हो जाए।

(16) प्रश्नावली के प्रश्नों के स्टेटस को देखने के लिए प्रश्नावली के नाम पर आप माउस कर्सर मूव कर सकते हैं।

(17) परीक्षा के दौरान आप प्रश्नावलियों के बीच शफल नहीं कर सकते हैं क्योंकि प्रत्येक प्रश्नावली के लिए अलग-अलग समय आबंटित है।

(18) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें। यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार SAIL द्वारा निर्णीत अवधि के लिए पारीक्षाओं में बैठने से डिबारमेंट के लिए पात्र होगा।

(19) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है। परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा।

(20) प्रत्येक प्रश्नावली के लिए आबंटित समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही उस प्रश्नावली के किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जाँच पाएंगे।

**(21) कृपया नोट करें :**

**(अ) परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को** "फाइनली सबमिट" **करने नहीं दिया जाएगा।**

**(ब) एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी।**

## (ब) सामान्य निर्देश :

(1) कृपया प्रवेश पत्र में तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर प्रवेश पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए।

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और SAIL के प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा।

(5) बायोमैट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा से पहले परीक्षा स्थल पर लिया जाएगा। बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। **बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इन्कार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।** इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमीट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों। यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा।)

(6) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(7) आपके अपने फोटोग्राफ को प्रवेश-पत्र पर चिपकाकर उसे मूलरूप में वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी के साथ लाएं - यह अनिवार्य है। कृपया प्रवेश-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी स्टेपल करके पर्यवेक्षक को सौंप दे। वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं - **<u>पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/फोटोग्राफ वाले वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर गजटेड अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/फोटोग्राफयुक्त आधार/ ई-आधार कार्ड/कर्मचारी का मूल पहचान पत्र/फोटोग्राफयुक्त बार काउंसिल पहचान पत्र।</u>** कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि प्रवेश पत्र पर लिखा गया आपका नाम (जैसा आपने पंजीकरण की प्रक्रिया में दिया है) फोटो पहचान प्रूफ पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए। महिला उम्मीदवार जिन्हों ने शादी के पश्चात अपने पहला/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें। प्रवेश पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रूफ में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा। उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे राजपत्रित अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमत किया जाएगा।

(8) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परिक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीद्वारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा। यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीद्वारी रद्द की जा सकती है। नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ SAIL उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है।

(9) आपको अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन लाना चाहिए। आप अपने साथ स्टांप इंक पैड (नीला/काला) ला सकते है। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को दे देना है।

(10) परीक्षा के प्रशासन में कुछ एक समस्या होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है। ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा, जिसमें उम्मीदवारों के मूवमेंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल है। पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन के विवेक पर निर्भर है। उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे। परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा।

(11) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा। यदि सेंटर पर नोड क्षमता कम है या किसी केंद्र पर या कोई तकनीकी खामी किसी अभ्यर्थी के लिए होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है।

(12) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है।

(13) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे SAIL की किसी भी भरती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी। यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा।

(14) कृपया नीचे दिए गए सामाजिक दूरी संबंधित निर्देशों को ध्यान से पढें।

## सामाजिक दूरी संबंधी निर्देश

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर बुलावा पत्र में उल्लिखित समय अवधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। देरी से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

2. अभ्यर्थी के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा स्थल के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा।

3. परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री
   **अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल कुछ निश्चित सामान लाने की अनुमति होगी**
   **क. मास्क**
   **ख. अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)**
   **ग. एक सामान्य पेन और इंक स्टैम्प पैड (नीला/काला)**
   **घ. परीक्षा संबंधी दस्तावेज (बुलावा पत्र तथा बुलावा पत्र जिसके साथ ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न हो, सत्यापन के लिए मूल ID कार्ड)**
   **ड. स्क्राइब वाले अभ्यर्थियों के मामले में - विधिवत रूप से भरा व फोटोग्राफ लगाकर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म**
   **परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है।**

4. अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामानसामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।/

5. अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

6. अभ्यर्थी को स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।

7. यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपना मास्क लाना होगा।

8. परीक्षा पूर्ण होने पर अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल स्टाफ द्वारा निर्देशित किए जाने के अनुरूप भीड़ लगाए बगैर व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलना चाहिए।

## आपको शुभकामनाएं!